# जौरा में चोर गैंग के हौसले बुलंद एक दुकान से चोरी तो दूसरी में किया प्रयास

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले के जौरा थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोर गैंग का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनमानस भयभीत है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद पुलिस द्वारा कोई भी चोरी ट्रेस नहीं की जा रही और ना ही चोरों का कोई सुराग लग पा रहा है। चोर गैंग के आतंक से आम जनता में पुलिस के प्रति आक्रोश पनपता जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को जौरा में नीरज कुशवाह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह जब आया तो उसकी दुकान की शटर एक तरफ से उठी हुई थी। दुकान में घुसकर देखा तो चोरों ने पूरे सामान को अस्त व्यस्त कर दिया था। चोर दुकान में से तीन से 4000 कीमत का एक तार का बंडल चुराकर ले गए। दूसरी चोरी का प्रयास अज्ञात चोरों ने नगर के हृदय स्थल तहसील चैराहे के पास अंतू स्वामी पान वाले की दुकान में किया। यहां पर भी चोरों ने एक तरफ से दुकान को उठा लिया था, किसी राहगीर के आने से चोर



चोरी करने में असफल रहे। दोनों दुकानदारों ने थाने में जाकर घटना की जानकारी दी। मौके पर नगर निरीक्षक उदयभान सिंह यादव पहुंचे। नगर के नागरिकों के जेहन में बार-बार यही सवाल उठ रहे हैं कि आखिरकार लगातार हो रही चोरियों को पुलिस रोक नहीं पा रही है और ना ही ट्रेस कर पा रही है। रात में पुलिस की गस्त की गाड़ियां भी घूमती है, फिर भी चोर चोरी कर ले जाते हैं। सीसीटीवी कैमरे में आने के बाद भी चोरों की पहचान नहीं हो पा रही है। वहीं 22 दिन पहले अलापुर पंचायत में सरपंच मंजू राजकुमार यादव के यहां हुई डेढ़ करोड़ की चोरी का भी खुलासा पुलिस नहीं कर पा रही है, वैसे तो जिले भर में कई चोरियां हुई है, लेकिन अलापुर में हुई डकैती लूट जिले की सबसे बड़ी घटना थी। मौके पर आईजी, डीआईजी, एसपी भी आए, लेकिन परिणाम अभी तक जीरो ही रहा है। हालांकि पुलिस ने डकैती के मामले में लगभग 200 से अधिक लोगों से पूछताछ की। आधार सैकड़ा से अधिक सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गए। मुरैना, ग्वालियर, धौलपुर सहित कई स्थानों पर संदिग्ध लोगों को पकड़ने के लिए छापामार कार्यवाही भी की, लेकिन लूट का सुराग अभी तक नहीं मिल सका है।

## आवासीय विद्यालय में 13 वर्षीय बालक की संदिग्ध करंट लगने से मौत



**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले के जौरा थाना अंतर्गत पगारा रोड पर संचालित अलख ज्योति पब्लिक आवासीय विद्यालय में एक बालक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पगारा रोड पर अलख ज्योति पब्लिक स्कूल आवासीय रूम में चलाया जा रहा है। इस विद्यालय में सुमित पुत्र देवेंद्र गुर्जर उम्र 13 वर्ष की गुरुवार की सुबह विद्यालय में अचानक उसकी मौत हो गई तो विद्यालय स्टाफ संचालक तत्काल उसे जौरा अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। आवासीय विद्यालय में अचानक बच्चों की मृत्यु के बाद बालक के परिजन भी अस्पताल आ गए परिजनों का कहना था कि सुमित अच्छा खासा स्वस्थ था फिर अचानक उसकी मृत्यु कैसे हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों की टीम से बालक का पोस्टमार्टम करने की मांग की। देर शम को थाना प्रभारी उदयभान सिंह ने बताया कि सुमित की मौत करंट लगने से हुई है।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

### - पुलिस एवं परिवहन विभाग डम्फरों पर चालानी कार्रवाही करें

**निज संवाददाता**

मुरैना। बरसात को ध्यान में रखते हुए शहर में सभी सड़के मोटरेवल रहें, इसके लिए नगर निगम भ्रमण कर सड़को में पेचवर्क करायें। अल्लावेली और टोलप्लाजा पर जाम की स्थिति पैदा करने वाले डम्फरों पर पुलिस व परिवहन विभाग चालानी कार्रवाही करें। ये निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह डाबर सहित एसडीएम मुरैना, नगर निगम कमिश्नर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, ट्राफिक पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, एनएचआई के अलावा सड़क सुरक्षा समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अस्थाना ने कहा कि नगर निगम यह सुनिश्चित करें कि नवीन जिला पंचायत कार्यालय के अलावा बीच सड़कों पर अनावश्यक रूप से खड़े हुए विद्युत पोलो को 07 दिवस के अंदर हटवायें। उन्होंने कहा कि बरसात को ध्यान में रखते हुए शहर की सभी सड़के मोटरेवल रहे, इसलिए सड़को में पेचवर्क भी शीघ्र कराए जाए। कलेक्टर ने कहा कि रोडवेज बस स्टेण्ड के सामने फ्लाईओवर के नीचे




पानी भर जाता है, उस पानी की निकासी व सड़क का कार्य पुल के दोनो तरफ़ एनएचआई 07 दिवस में दुरूस्त करवाना सुनिश्चित करें। बस स्टेण्ड के अंदर जल निकासी नगर निगम शीघ्र करायें, ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। कलेक्टर ने टोल प्लाजा संचालको को निर्देशित किया कि टोल पर कार लेन वाली ''रो'' खाली रहे, उस लाइन में बड़े वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहें, इसके लिए दोंनो तरफ अतिरिक्त स्टाफ तैनात करें। कलेक्टर ने कहा कि फ्लाईओवर से आगरा की ओर जाते समय रेत ट्रेक्टर अनावश्यक भीड़ लगाकर खड़े रहते है, इसलिए जाम की स्थिति बनी रहती है। ट्रैफिक पुलिस और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी समय-समय पर भ्रमण कर कार्रवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि सुबह से शाम तक शहर में ट्रेक्टर पूर्णतः प्रतिबंधित रहें, एमएस रोड़, व्हीआईपी रोड़ और पुलिस तिराहे के रास्ते शहर में ट्रेक्टर प्रवेश न करें। इस लिए ट्रैफिक पुलिस व आरटीओ सख्ती से कार्रवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि एनएचआई यह सुनिश्चित करें कि टोल प्लाजा से लेकर सेलटेक्स बेरियर तक रात्रि के समय स्ट्रीट लाइट जलती रहें, जिसका वीडियो बनाकर 03 दिवस के अंदर उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने कहा कि बस ऑपरेटरो की शिकायत पर आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस सीएनजी से चलने वाले वाहन जैसे ईको आदि वाहनों पर कार्रवाही करें, बिना परमिट के ये अम्बाह-पोरसा की ओर न जाए। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के 20 बिन्दुओ पर विस्तार से समीक्षा हुई, जिसके सभी बिन्दुओं पर कलेक्टर ने विस्तार से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक के दौरान ''राहवीर योजना'' के संबंध में लघु फिल्म भी दिखाई गई।

# वनरक्षक से जप्त ट्रैक्टर ट्राली लूटकर ले जाने वाले दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले की अंबाह थाना पुलिस ने वनरक्षक से जप्त ट्रैक्टर ट्रॉली लूट कर ले जाने वाले 5.5 हजार के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबाह थाना पुलिस ने बुधवार की शाम जप्त ट्रैक्टर को लूट कर ले जाने वाले 5-5 हजार के दो इनामी बदमाश प्रमोद तोमर एवं अमन तोमर को कस्बे से गिरफ्तार कर न्यायालय एमपीएस करते हुए जेल भेज दिया। इस मामले में मुख्य आरोपी सुमित उर्फ भीमा चैहान को घटना के अगले दिन ही पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया था। उल्लेखनीय है कि 21 मार्च 2025 को उक्त



आरोपीगण वन विभाग के फरियादी (वनरक्षक) संदीप गुर्जर पुत्र लाखन सिंह गुर्जर ने चम्बल नदी के रेत से भरे जप्तशुदा ट्रैक्टर को बलपूर्वक छुड़ाकर ले गए। जिस पर से पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 132, 352, 351(2), 190,191 (2), 191 (3) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया एवं प्रकरण में धारा 309 (4) बीएनएस, 11, 13 एम.पी.डी.पी.के. एक्ट का इजाफा किया गया।

## थाना प्रभारी ने दिलाई आम नागरिक, पुलिस व पत्रकारों को नशा मुक्ति की शपथ

**निज संवाददाता**



सबलगढ़। पुलिस थाना सबलगढ़ थाना प्रभारी राजकुमारी परमार द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें पुलिस के जवान, आम नागरिक व पत्रकार शामिल रहे। इस दौरान सभी को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और नशा छोड़ने के लिए शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने का भी संकल्प दिलाया गया। साथ में यह भी बताया गया कि आप अपने साथ अपने मित्रों, परिचितों और आम नागरिकों से नशा मुक्ति के प्रयास करें। थाना प्रभारी ने बताया कि नशे से आर्थिक हानि के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक हानि भी होती है। इसके अलावा परिवार पर इसका विपरीत असर पड़ता है। नशे से मनुष्य का स्वयं का स्वास्थ्य खराब तो रहता ही है उनके बाल बच्चों पर भी इसका विपरीत प्रभाव पढ़ने से बच्चे भी नशे की गिरफ्त में चले जाते हैं। यह एक सामाजिक बुराई है जिससे मुक्ति आवश्यक है।

## सी.एम.एच.ओ. ने डेंगू निरोधक जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**निज संवाददाता**

मुरैना। राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने डेंगू निरोधक माह जुलाई जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल, डीएचओ डॉ. सुशील कारखुर, सहायक मलेरिया अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह यादव, जिला मीडिया अधिकारी श्रीमती बसंती बाजौरिया, श्रीमती शिवकुमार निम बीई, जेएमआई देवव्रत उपाध्याय, एमपीडब्ल्यू हरेन्द्र तोमर, वीरेन्द्र सिंह गुर्जर, दिनेश शर्मा, रवि सिकरवार सहित मलेरिया स्टाफ उपस्थित थे। डेंगू निरोधक माह जुलाई रथ मुरैना सम्पूर्ण शहरी क्षेत्रों में डेंगू, चिकुनगुनिया से बचाव के लिए जन समुदाय को जागरूकता, समझाईश, प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने बताया कि डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल जुलाई में डेंगू का प्रचार-प्रसार कराया जाता है। घर में उपयोग किये जा रहे पानी के बर्तनों को सप्ताह में एक बार खाली करें, सुखाकर फिर पानी भरे एवं घर में उपयोग किये जा रहे कूलर, फ्रीज, छत पर रखे टूटे-फूटे बर्तनों को खाली करें।




## बिजली के बिल नहीं भरे तो काटे 28 बकायादारो के कनेक्शन, 3 लाख से अधिक वसूले

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले के जौरा नगर में कई माह से बिजली का उपयोग करने के बाद बिलों की राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। गुरुवार को विद्युत विभाग ने 28 बकायादारो के कनेक्शन काटते हुए 3 लाख से अधिक की वसूली की है। गुरुवार को सहायक यंत्री पीएस यादव, कनिष्क यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा की देखरेख में वसूली टीम द्वारा ऑफीसर कॉलोनी, चंद्रशेखर आजाद रोड, बनिया पाड़ा, श्रीकृष्ण मंदिर रोड, एमएस रोड, तहसील चैराहा सहित अन्य गली मोहल्ले में पहले तो ऐसे 28 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, जिन्होंने कई माह से बिजली का उपयोग करने के बावजूद बिल की राशि नहीं भरी। विभिन्न गली मोहल्ले में कनेक्शन काटने से घबराकर परेशान बकायादार उपभोक्ताओं ने वसूली टीम को शाम तक बिलों की राशि जमा कराई। कनिष्क यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वसूली टीम को शाम तक 3 लाख 11 हजार रुपए की वसूली प्राप्त हुई है।



# एक्सप्रेस हाईवे मुआवजा और किसानों की समस्याओं को लेकर सत्याग्रह कर दिया ज्ञापन

**निज संवाददाता**

मुरैना। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। उन्हें भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के मुताबिक उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बराबर चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर सैकड़ो की संख्या में किसान चंबल कॉलोनी पार्क में इकट्ठे हुए। रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर किसानों ने सत्याग्रह किया और एक बार फिर मुख्यमंत्री के नाम से और कलेक्टर के नाम से किसानों ने ज्ञापन दिया है। किसानों का यह कहना है कि आज हम अपनी मांगों के लिए जो सही है, सत्य है, विधिसम्मत है, सत्याग्रह करके ज्ञापन दे रहे हैं। आगामी दिनों में 20 अगस्त को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और भोपाल से किसान नेताओं को आमंत्रित कर



बड़ी संख्या में किसान सम्मेलन कर जुझारू आंदोलन करने की तैयारी करेंगे। इस दौरान किसानों के मध्य बोलते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि किसानों की मांग विधिसम्वत और जायज है। लेकिन सरकार की हठधर्मिता के चलते किसानों को चार गुना मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और प्रशासन के रवैया को बदलने की भी किसान नेताओं ने मांग की। किसानों के बीच में मध्य प्रदेश किसान सभा के जिला कार्यवाहक महासचिव ओम प्रकाश श्रीवास, श्रीकृष्ण यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने किसानों से आगामी दिनों में संघर्ष तेज करने का आग्रह किया। सभा, प्रदर्शन और सत्याग्रह और ज्ञापन की कार्रवाई का नेतृत्व रामप्रकाश सिंह गुर्जर, उदयवीर सिंह यादव, अशोक कुमार, राजेंद्र सिंह माहौर, रामकिशोर शुक्ला, जन्डैल सिंह गुर्जर, बीके शर्मा आदि किसान नेताओं ने किया। किसान नेताओं ने आगामी दिनों में आंदोलन और अभियान को तेज करने के लिए 15 अगस्त को झंडा फहराने के बाद 19 अगस्त तक पदयात्रा और वाहन जत्थे निकाल कर पूरे क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाने और किसानो की लामबंदी करने का भी कार्यक्रम बनाया है। इस दौरान टोंगा तालाब टूटने से फसल की बर्बादी के लिए किसानों को मुआवजा देने जल निकासी की व्यवस्था करने तालाब का निर्माण कराने संबंधी मांगों को लेकर सबलगढ़ के किसान नेता नरेश गोस्वामी, दीनदयाल त्यागी आदि के नेतृत्व में किसानों ने ज्ञापन दिया। स्थानीय समस्याओं के बारे में भी प्रशासन को अवगत कराया। ज्ञापन एडीएम के द्वारा लिया गया और उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन भी दिया है। ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी की गाड़ी भी किसानों के बीच फंस गई और उन्हें ज्ञापन की कार्यवाही तक प्रतीक्षा करनी पड़ी, किसानों ने उनसे भी किसानों का सहयोग करने का आग्रह किया है।

# मास्टर को सनरूफ के बाहर निकलकर दौड़ लगवाना पड़ा महंगा, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्यवाही

**निज संवाददाता**

मुरैना। गुरुवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक शिक्षक ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकलकर दौड़ लगा रहे बालकों का वीडियो बनाते हुए यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहा था। यातायात पुलिस ने इसका संज्ञान लेते हुए आरोपी शिक्षक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत न्यायालय में चालान पेश किया है, तो वहीं 6 हजार रुपए का अर्थदड भी लगाया है।पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स आदि पर नियमों कानूनों का उल्लघंन कर फोटो वीडियो आदि पोस्ट करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने संबंधी निर्देश जिले के समस्त थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर इस प्रकार के वीडियो फोटो आदि अपलोड किए जाने वालों पर सतत नजर रखे जाने हेतु जिलास्तरीय सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। निगरानी के दौरान यातायात निरीक्षक संतोष भदौरिया द्वारा गुरुवार को मुरैना पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसमें एक व्यक्ति एम.एस. रोड़ पर चलते हुए चार पहिया वाहन की छत पर बैठकर वीडियो बनाता हुआ नजर आया, जिससे यह स्पष्टतः परिलक्षित हो रहा था कि उसके द्वारा जानबूझकर यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। थाना यातायात पुलिस मुरैना द्वारा उक्त वीडियो के आधार पर उक्त व्यक्ति (वाहन स्वामी) की पहचान कर अजय शर्मा पुत्र रामवीर शर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी हडवासी को मय घटना में प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो एमपी 07 जेडएक्स 4688 के तलब कर अभिरक्षा में लेकर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 52/192, 184 के तहत पंचनामा तैयार कर वाहन को थाना यातायात परिसर मुरैना में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया एवं प्रकरण में चालानी कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन माननीय न्यायालय की ओर प्रेषित किया जावेगा। मोटर व्हीकल एक्ट की उक्त धाराओं का उल्लंघन करने पर 6,000 रूपए तक जुर्माना किए जाने का प्रावधान है।



# परांपरागत खेती के साथ तकनीक का करें उपयोग पायें बेहतर परिणामः उद्यानिकी मंत्री श्री कुशवाह

### उद्यानिकी फसलों को बढावा देने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का मंत्री श्री कुशवाह ने किया शुभारंभ

**निज प्रतिनिधि, ग्वालियर।**

उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनांतर्गत ग्वालियर जिले में उद्यानिकी फसलों को बढावा देने के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण एवं उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण श्री नारायण सिंह कुशवाह ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलपति श्री अरविंद कुमार शुक्ला, सहायक संचालक उद्यान विभाग ग्वालियर श्री एमपीएस बुंदेला, प्रगतिशील कृषक उज्जैन डॉ. योगेन्द्र कौशिक, सीनियर साइंटिस्ट भारतीय सब्जी अनुसंधान केन्द्र बनारस डॉ. एएन त्रिपाठी, प्रधान वैज्ञानिकी कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालियर डॉ. शैलेन्द्र कुशवाह, प्रगतिशील कृषक पीलीबंगा जयपुर श्री भंवर सिंह शेखावत सहित बडी संख्या में ग्वालियर जिले के किसान उपस्थित रहे।




बाल भवन के सभागार में आयोजित कार्यशाला में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा किसान परंपरागत खेती पर ही निर्भर न रहें बल्कि उद्यानिकी फसलों की ओर भी बढ़ें। इसमें थोड़ी सी तकनीक और फसल का उचित रखरखाव किसानों को घाटे के सौदे से निकालकर लाभ के धंधे में ला रहा है। इसके लिए किसी खास प्रशिक्षण की जरूरत भी नहीं होती। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि गांव में अधिक से अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट एवं छोटे छोटे उद्योग लगायें जिससे किसान खुद की फसल का अच्छा दाम प्राप्त कर सके।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सरकार नई योजना ला रही है जिसमें जो भी किसान एक बगिया मॉ के नाम पर लगाने का कार्य करेगा, तो सरकार उसको 3 लाख तक अनुदान प्रदान करेगी। उन्होने कहा कि किसानों की मेहनत के कारण लगातार खाद्{}न उत्पादन में मध्य प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। साथ ही कहा कि पहले प्रदेश के किसान फसलों की सिंचाई के लिए काफी परेशान रहते थे, जबसे नदी जोडो अभियान चला है और नये डेम बने है, तब से सिंचाई का रकवा काफी बडा है, जिस कारण फसल उत्पादन भी बडा है।

उद्यानिकी मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि हमें जैविक खेती को बढावा देना होगा, किसानों को अपनी फसलों में कम से कम कीटनाशक दबाओं का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि इससे कई प्रकार की बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा जिला कृषि एवं उद्यानिकी फसलों में आंगे बडे हमें ऐसे प्रयास करने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया उद्यानिकी विभाग में नये किसानों का अधिक से अधिक पंजीयन करायें जिससे प्रगतिशील किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध हो इसके लिए सरकार प्रयासरत है। किसानों को आईएसआई मार्क की ही मशीनरी एवं अन्य सामान उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कार्यशाला में कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलपति श्री अरविंद कुमार शुक्ला ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत कर सकते हैं। परंपरागत खेती के साथ-साथ उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अगर किसान कार्य करे तो उनकी आय दोगुना हो सकती है। कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे नए-नए अनुसंधानों के बारे में भी किसानों को जानकारी लेकर उसका सदुपयोग करना चाहिए। कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा भी किसानों को उद्यानिकी फसलों के संबंध में तकनीकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रगतिशील कृषक डॉ. योगेन्द्र कौशिक ने भी अपने अनुभव से अवगत कराया।

# आत्म देखभाल की भावना भी जागृत करते हैं शिविरः डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी

### विप्र महिला मंच ने लगाया निशुल्क कैंसर एवं सीबीसी जांच शिविर

### महिलाओं में बढ़ते स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरूकता सत्र भी हुआ

**निज प्रतिनिधि, ग्वालियर।**

विप्र महिला मंच की ओर से महिलाओं के लिए निऱ्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन मानिक विलास कॉलोनी, हनुमान मंदिर के पास किया गया। इसमें स्तन कैंसर (मैमोग्राफी) एवं सीबीसी की जांच की गई। शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं को जांच से पहले वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और महिलाओं में बढ़ते स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सत्र प्रदान किया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागी महिलाओं ने स्वेच्छा से अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान की अखिल भारतीय महिला प्रमुख डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने कहा कि महिला स्वास्थ्य आज की एक प्रमुख आवश्यकता है, और ऐसे शिविर महिलाओं को न केवल स्वास्थ्य जांच का अवसर देते हैं, बल्कि उनमें आत्म-देखभाल की भावना भी जागृत करते हैं। अंत में मंच की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने डॉक्टर्स को स्मृति चिन्ह भेंट किए। शिविर में सुधा दीक्षित, रचना गौड़, रेनू शर्मा, शशि गोस्वामी, आभा शर्मा, कल्पना पाठक, सीमा दुबे, अनीता देपुरिया, कल्पना ऋषीश्वर, मनीषा शुक्ला, पल्लवी शर्मा, कृष्णा विश्राम शर्मा, रश्मि त्रिपाठी, नीतू उपमन्यु, सपना पारशर, ज्योति नोरके, हेम शर्मा, दीप्ति शर्मा, आशा त्रिपाठी, ज्योति शर्मा, सुमन शर्मा सहित कई अन्य संगिनियां उपस्थित रहीं।

#### ये है उद्देश्य

डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं, विशेषतः स्तन व सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रारंभिक चरण में जांच सुनिश्चित करना था।

# प्रभात झा की प्रथम पुण्य तिथि आज, अनूप जलोटा आएंगे

### भव्य समारोह के साथ पुस्तक विमोचन एवं फिल्म प्रदर्शन, चित्र प्रदर्शनी भी

**निज प्रतिनिधि ग्वालियर।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, देश के वरिष्ठ पत्रकार व विचारक रहे स्व. प्रभात झा की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्वालियर में शुक्रवार 25 जुलाई को शाम 5 बजे कार्यक्रम किया जा रहा है। इस समारोह में प्रदेश के शीर्ष वरिष्ठ नेता, मंत्रीगण सम्मिलित होकर प्रदेश के दिवंगत प्रेरणादायी आदर्श पुरुष एवं कलम के धनी अपने युग के महान पत्रकार को सादर नमन करेंगे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल एवं निर्विघ्न बनाने के लिए दायित्व बांट दिए हैं। कार्यकर्ता उसी के अनुरूप आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने दी।इस कार्यक्रम में देश के प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा श्रद्धा एवं भक्ति के भावों से सराबोर सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे।



इसमे अंचल सहित विभिन्न राजनैतिक पार्टियों एवं सामाजिक संगठनों के लोग अपने प्रिय रहे स्व. प्रभात झा को भावांजलि अर्पित करेंगे। श्री राजौरिया ने ग्वालियर अंचल के लोगों से इस पुण्य स्मृति अवसर पर उपस्थित रहने का विनम्र आग्रह किया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवा भाजपा नेता तुष्मुल झा ने बताया कि अनूप जलोटा की भजन संध्या से पूर्व एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा जिसमें स्वर्गीय प्रभात जी द्वारा विभिन्न विषयों पर लिखे गए लेख एवं उनके द्वारा किए गए कार्यक्रमों के चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित होती। साथ ही एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा।

भजन संध्या के बाद ÷हमारे भारत रत्न÷ पुस्तक का विमोचन किया जाएगा, जिसकी संपादकीय स्व. प्रभात झा ने लिखी थी। यह संपादकीय उनकी अंतिम संपादकीय थी। इसके बाद उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं सामाजिक क्षेत्र के वरिष्ठ व्यक्तियों द्वारा अपने शब्दों द्वारा स्व. प्रभात जी को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

#### तैयारियों को दिया अंतिम रूप

भाजपा नेताओं ने आज अटल सभागार, जीवाजी विवि पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, रामेश्वर भदोरिया, महामंत्रीगण विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, संभागीय मीडिया प्रभारी राजलखन सिंह, वरिष्ठ नेता उदय अग्रवाल, अरूण कुलश्रेष्ठ, राजू सेंगर, शिवेंद्र सिंह राठौर, विवेक शर्मा, तोसिफ खान, दीपक शर्मा, शिव सिंह यादव समेत अनेक कार्यकर्ता उपपस्थित रहे।

# तिघरा जलाशय के समीप पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

### पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई

**निज प्रतिनिधि, ग्वालियर।**

तिघरा जलाशय के समीप ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सफल युवा मंडल एवं बाल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।



पौधरोपण कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री सोमेश महंत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है।कार्यक्रम का संचालन सफल युवा मंडल के अध्यक्ष श्री अरविंद कुशवाहा ने किया। उन्होंने कहा कि ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान का उद्देश्य प्रकृति के प्रति लोगों में जिम्मेदारी की भावना को जगाना है।इस अवसर पर अंजू भदौरिया, रश्मि त्रिपाठी, संतोष कुमार शर्मा, मनीष शर्मा, चरण सिंह, ऋतिक बाथम, राजेंद्र सोनी व प्रवीण कुशवाहा भी मौजूद रहे।

# जनसहयोग जन कल्याण बहुउद्देशीय समित ग्वालियर ने किया हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण

**निज प्रतिनिधि ग्वालियर।**

हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति जन सहयोग जन कल्याण बहुद्देशीय समिति ग्वालियर द्वारा वृक्षारोपण,तुलसी वितरण एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।रैली सुबह 10:00 बजे गिर्राज जी मंदिर चार शहर का नाका से शुरू हुई रैली में डॉक्टर रश्मि मिश्रा हस्ज्ञ सेंटर सिविल हॉस्पिटल ग्वालियर, बी एल अहिरवार प्राचार्य वीरांगना झलकारी बाई कन्या महाविद्याल ग्वालियर , ओंमकार सिंह भदोरिया वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं जन सहयोग जन कल्याण बहुद्देशीय समिति ग्वालियर के अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाह तथा महिला अध्यक्ष शशि सिंह जी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




रैली झलकारी बाई कन्या महाविद्यालय मुरैना रोड पर पहुंची जिसमें गणमान्य नागरिकों एवं महिलाओं बच्चों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ छात्रों द्वारा वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह नाती ,रतिराम यादव उपस्थित हुए कार्यक्रम के बारे में अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाह ने बताया कि आज के कार्यक्रम में लगभग 300 वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा 15 जुलाई से चलाए जाने वाले नशा मुक्ति अभियान के तहत तहत हजीरा थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह सेंगर जी ने नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई साथ ही ÷जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाए÷ जाने वाले अभियान की सराहना की कार्यक्रम में रमेशसिंह तोमर,सत्यबीर सिंह तोमर,हेल्पगुरु प्रमोद राजावत ,टी एन सिंह,सहदेव सिंह तोमर,देवेंद्र सिंह भदौरिया,चारु राउत,बरखा,खुशबू तोमर,अपर्णा राजावत, रत्ना,ज्योतिं,मंजू, कृष्ण शर्मा,माया शर्मा,संतोष भदौरिया,विमला खंडेलवाल,नीता भदौरिया,दीपा,गुड़िया, कामिनी,स्वाति,अन्नू , गुंजन,रानी गुप्ता,इंदु,रुक्मिणी, हेमलता,रूबी, रोली भदौरिया,नेहा परमार,अनीता, अमन राजावत ,ज्ञानेंद्र भदोरिया, स्वदेश, मनोज, विक्रम तोमर, प्रियांशु सहित सैकड़ो की संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# निगम परिषद की बैठक में लिए अनेक निर्णय

**निज प्रतिनिधि ग्वालियर।**

नगर निगम परिषद के विशेष अभियाचित सम्मेलन का आयोजन सभापति श्री मनोज सिह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। विशेष अभियाचित सम्मेलन में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर अनेक निर्णय लिए गए।निगम परिषद में आयोजित बैठक में श्री विवेकानंद नीडम के पास नवनिर्मित पुल का नाम स्वामी विवेकानंद सेतु के नाम से करने, कै श्री प्रभात झा की प्रथम पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में गोले का मंदिर से 7 नम्बर चौराहे तक की रोड का नाम प्रभात झा मार्ग किये जाने बावत्, महापौरों की प्रतिमा को बालभवन परिसर में स्थापित किये जाने के प्रस्ताव पर सभापति श्री मनोज तोमर ने स्वीकृति प्रदान की।

इसके साथ ही पाटनकर चौराहे पर स्थित शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित करने बावत्, बहोडापुर चौराहे पर अमर शहीद पं.



रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा लगाया जाना प्रस्तावित, रेसकोर्स रोड ग्वालियर का नामकरण वीर योद्धा महाराणा प्रताप के नाम से किया जाना प्रस्तावित, जिला हॉस्पीटल मुरार में पूर्व से स्थापित कै. श्रीमंत महाराजा माधवराव सिंधिया जी की प्रतिमा की स्वीकृति दी जाना प्रस्तावित, हुरावली व्यवसायिक एवं आवासीय कॉम्पलेक्स का नामकरण कै. श्रीमंत माधवीराजे सिंधिया परिसर किया जाना प्रस्तावित, रॉक्सी पुल से लक्कडखाना पुल तक के मार्ग का नाम पूर्व पार्षद, पूर्व स्थाई समिति अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ता स्व. श्री श्याम बिहारी मिश्रा के नाम से किया जाने पर सभापति श्री मनोज तोमर ने स्वीकृति प्रदान की।साथ ही गुढी तिराहे का नाम संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के नाम से किया जाना प्रस्तावित, शताब्दी पुरम में टाईगर चौक चौराहा पर महाराज शूरसेन कछ्वाह की प्रतिमा स्थापना किया जना प्रस्तावित, पार्षद श्री दीपक मांझी के प्रस्ताव पर सागरताल चौराहा पर महाराज निषादराज की प्रतिमा स्थापित किया जाने, हनुमान बांध सिकन्दर कम्पू में स्थित काशीबाबा देव जी के मंदिर पर प्रजापति समाज के महाराजा दक्ष प्रजापति की मूर्ति स्थापित किया जाना प्रस्तावित, प्रधानमंत्री आवास योजना मानपुर फेस-1 का नामकरण पंडित दीनदयाल उपाध्याय परिसर किया जाना प्रस्तावित, प्रधानमंत्री आवास योजना मानपुर फेस-2 का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी परिसर किया जाना प्रस्तावित, प्रधानमंत्री आवास योजना मेहरा, सिरोल का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी परिसर किया जाने पर सभापति श्री मनोज तोमर ने स्वीकृति प्रदान की।इसके साथ ही व्यवसायिक एवं आवासीय कॉम्पलेक्स सागरताल का नामकरण पूर्व उपमहापौर श्री श्रीचंद जैसवानी परिसर किया जाना प्रस्तावित, प्रधानमंत्री आवास योजना महलगांव यशोदा रेसीडेन्सी के सामने का नामकरण पूर्व विधायक स्व. श्री गंगाराम बांदिल परिसर किया जाना प्रस्तावित, प्रधानमंत्री आवास योजना महलगांव पहाड़ी का नामकरण पूर्व महापौर स्व. श्री भाऊ साहब पोतनीस परिसर किया जाना प्रस्तावित, रेल्वे ओवरब्रिज मलगढ़ा थाना, ग्वालियर का नामकरण पूर्व महापौर एवं विधायक स्व. डॉ. धर्मवीर शर्मा के नाम से किया जाना प्रस्तावित।

# पीड़ित परिजनों के साथ पूरी सरकार है, किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने देंगेः प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

### पवित्र काँवड़ यात्रा में मृत हुए लोगों के परिजनों से मिले प्रभारी मंत्री

### अस्पताल में भर्ती मरीज को भी एक लाख रूपए की सहायता दी जायेगी

### ग्राम सीडन में शीघ्र लगेगा जन समस्या निवारण शिविर

### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट घायल को देखने अस्पताल और पीड़ित परिजनों से मिलने

**निज प्रतिनिधि, ग्वालियर।**

ग्वालियर में गत दिनों उटीला के भदावना से काँवड़ भरकर घाटीगाँव के सिमिरियाटांका गाँव जाते समय दुर्घटना में हताहत हुए काँवड़ियों के परिजनों से मिलने प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट पीड़ित परिवार के गाँव पहुँचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही पूरी सरकार उनके साथ है। दुख की इस घड़ी में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जायेगी।





जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने गुरुवार को ग्वालियर आकर सबसे पहले बसंत विहार स्थित एक निजी अस्पताल में उपचाररत घायल काँवड़िया से मिले और उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया है कि घायल युवक का बेहतर और निऱ्शुल्क इलाज किया जाए। इसके साथ ही घायल को एक लाख रूपए सहायता देने की घोषणा भी की।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट इसके उपरांत घाटीगाँव के सिमरियाटांका के समीप ग्राम सीडन का चक पहुँचे और दुर्घटना में मृत हुए युवाओं के परिवारजनों से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि प्रदेश की पूरी सरकार संकट की इस घड़ी में उनके साथ है। उन्हें व उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जायेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुर्घटना में मृत हुए परिवारजनों को 4 - 4 लाख रूपए की सहायता स्वीकृत कर दी है। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों को निऱ्शुल्क 10 दिन का खाद्यान्न भी उपलब्ध कराया जायेगा। ग्रामवासियों की शिकायतों के निवारण के लिये गाँव में ही एक शिविर का आयोजन भी शीघ्र किया जायेगा। इस शिविर में सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करेंगे।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह से कहा है कि सम्पूर्ण जिले में पवित्र काँवड़ लेकर निकलने वाले काँवड़ियों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। इसके साथ ही प्रमुख स्थानों पर उनके रुकने, विश्राम करने एवं जलपान की व्यवस्था भी की जाए।

स्वत्वाधिकर स्वामी; प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक महेंद्र तिवारी द्वारा तिवारी आर्ट्स गुड़ी गुड़ा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर मध्य प्रदेश से मुदित एवं प्रकाशित प्रबंधक संपादक धैर्यवर्धन शर्मा-सह संपादक मनीष तिवारी समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर रहेगा मोबाइल नंबर 9074692488 -9340719851 Email, Navneete&press 33@gmail.com. पी आर बी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार RNI-MPHIN/2016/69280

पत्राचार का पता : दुबे सदन, बाबूजी की बगिया, गुड़ा चक्की, कंपू लश्कर, ग्वालियर 474001